देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 298 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**अभियान
सवालों के घेरे में



देहरादून, बुधवार, 8 जनवरी 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 16.0° न्यूनतम 6.0°

41464.61

2 बेटी ने दी अमेरिकी सैनिकों को धमकी

7 पंत पर चयन का फैसला सिलेक्टर्स का

# निर्भया के दोषियों को फांसी

■चारों दोषियों को 22 जनवरी को सुबह 7 बजे फांसी पर लटकाया जाएगा

## पटियाला हाउस कोर्ट ने जारी किया दोषियों का डेथ वॉरंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश को झकझोर कर रख देने वाले निर्भया गैंगरेप केस में दिल्ली की एक अदालत ने चारों दोषियों को मौत की सजा के लिए डेथ वॉरंट जारी कर दिया है। पटियाला हाउस कोर्ट ने आज लंबी सुनवाई के बाद डेथ वॉरंट जारी किया। कोर्ट के फैसले के मुताबिक चारों दोषियों को 22 जनवरी को सुबह सात बजे तिहाड़ जेल में फांसी पर लटकाया जाएगा। साफ है कि दोषियों को आज से 14 दिन बाद फांसी दे दी जाएगी। आपको बता दें कि डेथ वॉरंट के बाद कम से कम 14 दिन का वक्त दिया जाता है। इस समय में जेल प्रशासन अपनी तैयारी पूरी करेगा। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने तिहाड़ जेल प्रशासन से दोषियों को नोटिस जारी करने को कहा था। उधर, दोषियों के वकील एपी सिंह ने कहा है कि दस्तावेज मिलने के बाद वह सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल करेंगे।

**दोषी अक्षय ने जज से की बात** कोर्ट के फैसला देने से पहले आज दोषी अक्षय ने जज से बात करने की इजाजत मांगी थी। इसके बाद जज ने मीडिया को कमरे से बाहर जाने को कहा। दोषी ने मांग की थी कि वह अकेले में जज से कुछ कहना चाहता है।

अक्षय ने जज के सामने अपनी बात रखी और कहा कि उसने कभी कानूनी प्रक्रिया में देर करने की कोशिश नहीं की और केवल कानूनी तरीके से अपना बचाव किया।

**सरकारी वकील बोले-याचिका के खिलाफ:** सरकारी वकील ने दलील देते हुए कहा कि विशेषज्ञ याचिका के खिलाफ हैं। सरकारी वकील ने कहा कि दोषी सिर्फ टालने की बात कर रहे हैं।



### निर्भया की मां बोलीं- मेरी बेटी को मिल गया न्याय

लंबे समय से न्याय का इंतजार कर रहे निर्भया के परिवार ने इस पर संतोष जताया है। निर्भया की मां आशा देवी ने कहा, मेरी बेटी को न्याय मिल गया। इन चारों दोषियों को फांसी की सजा मिलने से देश की महिलाओं को ताकत मिलेगी। इस फैसले से लोगों का न्याय व्यवस्था में विश्वास बढ़ेगा। निर्भया की मांग ने कहा कि दोषियों को फांसी देने से अपराधी डरेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश को बधाई जो लोग उनके साथ खड़े रहे। निर्भया के पिता बद्रीनाथ सिंह ने कहा, कोर्ट के फैसले से मैं खुश हूं। इस फैसले से ऐसे अपराध करने वाले लोगों में डर पैदा होगा।

### दोषियों के वकील बोले- मुवक्किल का टॉर्चर

पटियाला हाउस कोर्ट में दोषियों के वकील ने दलील दी कि वह अपने मुवक्किलों से नहीं मिल पाए हैं। दोषियों के वकील ने दावा किया कि उनके मुवक्किलों को जेल में टॉर्चर किया गया है। निर्भया के दोषियों ने कोर्ट में नया याचिका दाखिल की है। दोषियों के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल करना चाहते हैं। दोषी मुकेश की तरफ से पेश वकील एम एल शर्मा ने कहा कि उनका मुवक्किल सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल करना चाहता है। तिहाड़ जेल अथॉरिटी की रिपोर्ट में इस बात का जिक्र है।

## संक्षिप्त समाचार

### आज भारत बंद से बैंकों में काम रहेगा ठप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आठ जनवरी को 10 ट्रेड यूनियन की तरफ से भारत बंद का ऐलान किया गया है। छह बैंक यूनियन ने भी हड़ताल का समर्थन किया है जिसके कारण बैंकिंग कामकाज पर असर होगा। बैंक बंद रहने का असर एटीएम पर भी होगा और 8–9 जनवरी को एटीएम में कैश की किल्लत हो सकती है। ट्रेड यूनियन्स की तरफ से संयुक्त बयान में कहा गया है कि इस हड़ताल में करीब 25 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं।

### छात्रों के समर्थन में कन्हैया कुमार संग पहुंचीं दीपिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जेएनयू में हिंसा के बाद बॉलिवुड कलाकार भी बयानबाजी और प्रदर्शन में पीछे नहीं हैं। मंगलवार को दीपिका पादुकोण भी जेएनयू पहुंचीं और कन्हैया कुमार, आइशी घोष के साथ प्रदर्शन में शामिल हुईं। बता दें कि जेएनयू में हुए हमले के खिलाफ कई बॉलिवुड सिलेब्स सड़कों पर उतरे थे। इसमें अनुराग कश्यप, अनुराग बसु, तापसी पन्नू, गौहर खान, विशाल भारद्वाज, रेखा भारद्वाज, रिचा चड्ढा, अली फजल, रीमा कागती, दीया मिर्जा और कई कलाकार शामिल हुए थे। इस प्रदर्शन में कन्हैया कुमार ने जय भीम के नारे लगवाए। दीपिका भी वहीं मौजूद रहकर इन छात्रों का समर्थन कर रही थीं।

### दंगाइयों की फंडिंग करतीं हैं प्रियंका गांधीः बीजेपी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बरेली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर दूसरे प्रदेशों से गुंडे बुलाकर यूपी में गड़बड़ी फैलाने का आरोप लगाया है। इसके अलावा प्रियंका पर दंगाइयों को वित्तीय मदद देने का भी आरोप लगाया। प्रियंका के अलावा उन्होंने एसपी प्रमुख अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। बीजेपी नेता कहा, प्रदेश में पिछले तीन साल से शांति थी और मैं पूछना चाहता हूं कि प्रियंका यहां दंगा क्यों कराना चाहती हैं?

## दूरबीन तंज पर बोले सिसोदिया, आप की भी होगी रेकॉर्डिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो गया है। ऐसे माहौल में सियासी वार और पलटवार भी शुरू हो गए हैं। एक दिन पहले बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने कहा था कि आम आदमी पार्टी ने सिर्फ विज्ञापनों में पैसे खर्च किए और वादों को पूरा नहीं किया। दूरबीन से भी देखने पर सीसीटीवी नजर नहीं आते। इसपर दिल्ली के मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार के काम देखने के लिए आंख खोलने की जरूरत है। सिसोदिया ने कहा, मैं आपको कहना चाहता हूं कि इसके लिए दूरबीन की जरूरत नहीं है बस आप आंखें खोलिए और हर गली में सीसीटीवी दिख जाएंगे। आप जब डोर टु डोर कैंपेन करेंगे तो आपकी भी रेकॉर्डिंग हो जाएगी।

## जेएनयू पहुंचकर फरेंसिक टीम ने जुटाए सबूत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में हुई हिंसा की जांच करने के लिए फरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की एक टीम आज कैंपस पहुंची। जेएनयू छात्रावास में हुई हिंसा में छात्रसंघ अध्यक्ष समेत 34 अन्य स्टूडेंट्स घायल हुए थे। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायलॉजी विभाग के विशेषज्ञ आज कैंपस पहुंचे। जांच को दिशा देने के लिहाज से फरेंसिक विभाग की जांच काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है।

फिजिक्स विभाग की टीम हिंसा के लिए प्रयोग हुए पत्थर और रॉड को कलेक्ट करने की कोशिश करेंगे। इन्हीं के जरिए नकाबपोश लोगों ने छात्रावास में हिंसा की थी। हिंसा में अगर किसी तरह के रसायन का प्रयोग हुआ है तो केमिस्ट्री विभाग इसकी जांच करेगा और डीएनए सैंपल सहित दूसरे साक्ष्यों की जांच बायलॉजी विभाग के विशेषज्ञ करेंगे। एफएसएल विभाग की एक फोटो एक्सपर्ट की टीम भी घटना स्थल पर पहुंची है।

### क्राइम ब्रांच की टीम पहुंची सीसीटीवी जांच के लिए

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच भी सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के लिए पहुंची। हालांकि, 4 जनवरी को कथित तौर पर सर्वर तोड़ दिया गया था जिस कारण फुटेज जारी नहीं किया जा सका। दिल्ली पुलिस से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज अहम साक्ष्य हो सकते हैं, लेकिन सर्वर रूम तोड़ दिए जाने के कारण फुटेज नहीं लिए जा सके।



### जेएनयू की सुरक्षा बढ़ाई गई

रविवार को हुई हिंसा के बाद जेएनयू की सुरक्षा पुख्ता कर दी गई है। जेएनयू के विभिन्न गेटों पर सुरक्षा के लिए पुलिस बलों की तैनाती की गई है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है और सोमवार को घटनास्थल पहुंचकर सबूत जुटाने की भी कोशिश की गई। हॉस्टल में हुई हिंसा के बाद साबरमती हॉस्टल के दो वार्डन ने इस्तीफा दे दिया। राम अवतार मीणा और प्रकाश साहू खुद यह कहते हुए अलग हो गए कि वे छात्रों को सुरक्षा मुहैया नहीं करवा पाए।

## 5 प्रतिशत ही रहेगी जीडीपी विकास दर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था में छाई सुस्ती से फिलहाल कोई राहत नहीं मिलने के मद्देनजर वित्त वर्ष 2019–20 में सकल घरेलू उत्पाद विकास दर 5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। पूरे वित्त वर्ष 2019–20 के लिए विकास दर का यह पहला आकलन है। वहीं, इस वित्त वर्ष जीवीए 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। यह अनुमान सरकारी आंकड़ों में लगाया गया है।

इससे पिछले वित्त वर्ष 2018–19 में आर्थिक वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) ने मंगलवार को राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी किया। इसमें कहा गया है कि आर्थिक वृद्धि दर में गिरावट की प्रमुख वजह विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर घटना है।जीडीपी आकलन के आंकड़े ऐसे वक्त में जारी किए गए हैं, जब भारतीय अर्थव्यवस्था में भारी सुस्ती देखी जा रही है। जीडीपी अनुमान के आंकड़ों को लेकर नीति–नियंता भी हैरान हैं।

### अनुमान

वित्त वर्ष 2019–20 के जीडीपी दर का पहला अनुमान जारी

**विनिर्माण की वृद्धि दर भी घटेगी**

चालू वित्त वर्ष में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 2 प्रतिशत पर आने का अनुमान है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 6.2 प्रतिशत रही थी। अग्रिम अनुमान के अनुसार कृषि, निर्माण और बिजली, गैस और जलापूर्ति जैसे क्षेत्रों की वृद्धि दर भी नीचे आएगी। वहीं खनन, लोक प्रशासन और रक्षा जैसे क्षेत्रों की वृद्धि दर में मामूली सुधार का अनुमान है।

### साढ़े छह साल के निचले स्तर पर इकहनमी

जून तथा सितंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था क्रमशः 5 प्रतिशत तथा 4.5 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी है, जो साढ़े छह वर्षों का निचला स्तर है। जीडीपी विकास दर के आंकड़ों में लगातार आ रही गिरावट से भारतीय रिजर्व बैंक को 2019–20 के लिए विकास दर अनुमान को 7.4 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने को मजबूर होना पड़ा था। केंद्र सरकार आगामी 1 फरवरी को आम बजट पेश करेगी। वित्त वर्ष 2019–20 के विकास दर का दूसरा अनुमान बजट के बाद जारी किया जाएगा।

## प्रदर्शन के दौरान 'फ्री कश्मीर' के पोस्टर, लड़की के खिलाफ एफआईआर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। जवाहर लाल यूनिवर्सिटी में हुई हिंसा के खिलाफ मुंबई में हो रहे प्रदर्शन के दौरान फ्री कश्मीर के पोस्टर लहराने वाली लड़की के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। लड़की की पहचान महक मिर्जा प्रभु के तौर पर हुई है, जो कि लेखक है। इस मुद्दे पर सियासत तेज हो गई है। हालांकि लड़की ने सफाई पेश करते हुए कहा है कि फ्री कश्मीर से उसका मतलब घाटी में लगाई पाबंदी को हटाना था। मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन में महक मिर्जा प्रभु के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in